an>

Title: Regarding facility of e-visa at Sardar Vallabhbhai Patel International Airport in Gujarat.

डॉ. किरिट पी. सोलंकी (अहमदाबाद) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूं कि आप ने मुझे अहमदाबाद के सरदार वल्लभ भाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बारे में एक महत्वपूर्ण विÂाय उठाने की अनुमति दी है।

महोदया, आप जानती हैं कि गुजरात के कई लोग विदेश में रहते हैं और विश्व में कोई भी ऐसा देश नहीं है, जहां गुजराती लोग नहीं रहते हैं। खासकर, अमेरिका और यूरोपियन देशों में गुजरात के लोगों की बस्ती बहुत ज्यादा है। इसी वज़ह से गुजरात के अहमदाबाद मे सरदार वल्लभ भाई पटेल एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाने की अनुमति दी गयी थी। अहमदाबाद में इंटरनेशनल एयरपोर्ट बना और इसके साथ हमारे लौह पुरुÂा सरदार वल्लभ भाई पटेल का नाम उसके साथ जोड़ा गया है। मगर, आज स्थिति ऐसी है कि अहमदाबाद एयरपोर्ट शाम को छः बजे से पूरी रात तक चालू रहता है। दिन में वहां से कोई उड़ान नहीं होती है।

महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना करता हूं कि उस इंटरनेशनल एयरपोर्ट का सही तरीके से इस्तेमाल किया जाए। जो भी उड़ानें सरदार वल्लभ भाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट से होती हैं, उनमें कोई भी डायरेक्ट नहीं होती है। पहले लंदन के लिए वहां से डायरेक्ट फ्लाइट होती थी। पर, आज सभी फ्लाइटें वाया दिल्ली या मुम्बई होती हैं। इसी वज़ह से वहां जो पैसेंजर आते हैं, उनका सामान उसी दिन नहीं आता है, क्योंकि उन्हें या तो दिल्ली में या मुम्बई में फ्लाइट बदलनी पड़ती है। उनका सामान वहां दूसरे दिन या तीसरे दिन आता है। जब वहां से बड़ा एयरक्राफ्ट आता है, तो उसके बाद छोटे एयरक्राफ्ट में कई मुसाफिरों को जगह नहीं मिलती है।

महोदया, मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट का सही तरीके से इस्तेमाल हो जाए, ताकि मुम्बई एयरपोर्ट पर ज्यादा भार न पड़े। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी ने ई-वीज़ा देने की घोÂाणा की थी। देश के सिर्फ छः एयरपोर्ट्स पर ई-वीज़ा की सुविधा है। मेरा सरकार से निवेदन है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर भी ई-वीज़ा की सुविधा दी जाए।